आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 24.03.2025 समय: 2.10 PM

छत्तीसगढ राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज रायपुर में छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती समारोह में शामिल हुईं। समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य अपने अंतिम और निर्णायक चरण में पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लोग विकास के पथ पर आगे बढ़ना चाहते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि छत्तीसगढ़ के लोग जल्द ही राज्य को उग्रवाद से पूरी तरह मुक्त करने में सफल होंगे और राज्य के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ेंगे।

मंत्रिमंडल बैठक

प्रदेश में 4 बड़े सोलर प्लांट स्थापित किए जाएंगे, जिनकी मदद से नगर निगमों को उनके बिजली खर्चों में कमी लाकर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद, यह जानकारी आज नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने दी. उन्होंने बताया कि कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के सभी जिलों में पेयजल की समस्या के समाधान के लिए जन प्रतिनिधि खास ध्यान दें ।

विधानसभा

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का आज अंतिम दिन है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि युवाओं को नौकरियों, पीएससी छात्रों की बात हो या किसानों को खाद-कर्ज की बात हो, सरकार नहीं चाहती कि आम जनता के मुद्दों पर बात करें। सरकार कर्ज ले रही है, घी पी रही है। वहीँ, नगरीय विकास विभाग और राज्य विधानमंडल की अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा था कि वे विधायक के रूप में विधानसभा से वेतन नहीं लेंगे। सीधी से भाजपा विधायक रीति पाठक ने स्वास्थ्य मंत्री से रीवा के अस्पताल और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की तरह सीधी और पूरे प्रदेश के लिए भी ध्यान देने की अपील की ।

नड्डा तपेदिक दिवस

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर लोगों से क्षय रोग-टीबी को खत्म करने और स्वास्थ्य में सुधार के लिए अपनी प्रतिबद्धता का आह्वान किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि टीबी रोगियों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता 500 रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 1000 रुपये प्रति माह कर दी गई है।

उच्च न्यायालय- जस्टिस वर्मा

दिल्ली उच्च न्यायालय ने न्यायामूर्ति यशवंत वर्मा को तत्काल प्रभाव से न्यायिक कार्य से हटा दिया है। आज उच्च न्यायालय की ओर से जारी एक नोटिस में यह निर्णय लिया गया। न्यायालय का यह आदेश उनके आधिकारिक आवास पर आग लगने के बाद कथित तौर पर बड़ी मात्रा में नकदी बरामद होने के बाद आया है।

मौसम

प्रदेश में मार्च के आखिरी सप्ताह से तेज गर्मी पड़ने की सम्भावना है । वैसे भी, राज्य में बारिश-ओले और आंधी का दौर थमते गर्मी बढ़ने लगी है। ग्वालियर, इंदौर और उज्जैन संभाग के जिले कल सबसे गर्म रहे। मौसम विभाग के अनुसार, हिमालय के ऊपर एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, लेकिन प्रदेश में इसका असर कम रहेगा।

समाचार संक्षेप में...

1. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल आगरमालवा जिले के ग्राम सालरिया में स्थित विश्व के पहले कामधेनु गौ अभ्यारण्य में चल रहे एक वर्षीय वेदलक्षणा गौ-आराधना महामहोत्सव में शामिल होंगे।

2. शिवपुरी में कल नेशनल मेडिकोज आर्गेनाईजेशन ने शहीद दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया । इस मौके पर 32 छात्रों ने पहली बार रक्तदान किया।

और

3. उज्जैन में चल रहे विक्रमोत्सेव 2025 के अंतर्गत पौराणिक फिल्मों के अंतरराष्ट्रीय महोत्सव में आज चौथे दिन सूरीनाम दूतावास की राजनयिक सुनैना परीक्षा रागिनी देवी मोहन मुख्य अतिथि होंगी।

....